e-mail : eejalgraminbanda@gmail.c
Mob. : +91 9473941981

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

गेट न0–2, जल शोधन संयन्त्र परिसर, मूरागढ़, बाँदा, पिनकोड–210001

पत्रांक :– 653 / W-08 / 31 दिनाँक :– 21 / 07 / 2026

सेवा में

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :–दिनाँक 20.07.2026 को इलेक्ट्रानिक प्रिन्ट मीडिया सिटी दैनिक भास्कर समाचार पत्र के द्वारा प्रसारित खबर **'जल जीवन मिशन से टूटी सड़क ... स्कूली बच्चे परेशानः बाँदा के मुरवल' "गाँव में काम अधूरा, समस्या से ग्रामीण परेशान"** की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनाँक 20.07.2026 को इलेक्ट्रानिक प्रिन्ट मीडिया सिटी दैनिक भास्कर समाचार पत्र के द्वारा प्रसारित खबर **'जल जीवन मिशन से टूटी सड़क ... स्कूली बच्चे परेशानः बाँदा के मुरवल' "गाँव में काम अधूरा, समस्या से ग्रामीण परेशान"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि ग्राम पंचायत मुरवल जल जीवन मिशन में अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत आच्छादित है, जिसमें ग्राम कोरारी में शिरोपरि जलाशय (500 कि0ली0 / 20 मी0 स्टेजिंग) व पाइप लाइन 30 कि0मी0 बिछाकर 1178 नग गृह जल संयोजन के माध्यम से घरों में नियमित पेयजलापूर्ति की जा रही है एवं ग्राम में तोड़ी गयी 20000 मीटर रोड़ के सापेक्ष 20000 मीटर सी0सी0 रोड का पुर्नस्थापन करा दिया गया है। कतिपय कारणों से पाइप लाइन में चोकेज हो जाने के कारण रोड काटी गयी थी, जिसके मरम्मतीकरण का कार्य प्रगति पर है (फोटोग्राफ संलग्न)। उक्त कार्य 03 दिवस में पूर्ण कराना लक्षित है।

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है। अतः उक्त के सम्बन्ध में अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय
21/4/26
(विमल कुमार वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2- अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3- मुख्य अभियन्ता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।
4- जिलाधिकारी महोदय, बाँदा।
5- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बाँदा।
6- अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे बाँदा।
7- जिला सूचना अधिकारी, बाँदा।
8- मैसर्स एन0सी0सी0 लि0, बाँदा को इस निदेश के साथ प्रेषित कि ग्राम मुरवल में निरन्तर पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें एवं दैनिक रूप से विभागीय वाट्सएप ग्रुप पर फोटोग्राफ उपलब्ध करायें।

21/4/26
अधिशासी अभियन्ता


Captured with
Conota
Camera for work
NCC LTD
Swsm Amlikaur
21.07.2026 14:05
25.52141, 80.55867
GHC5+MQ4, Murwal, Bisanda 210121
N


Captured with
Conota
Camera for work
NCC LTD
Swsm Amlikaur
21.07.2026 14:05
25.52138, 80.55868
GHC5+MQ4, Murwal, Bisanda 210121
N


Captured with
Conota
Camera for work
NCC LTD
Swsm Amlikaur
21.07.2026 14:05
25.52136, 80.55867
GHC5+588, Murwal, Bisanda 210121
N